फा.सं.3(4)/2012-प्रशासन

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

92, संसद भवन,

नई दिल्ली-110001

दिनांकः 14 अक्तूबर, 2013

परिपत्र

विषयः संसदीय कार्य मंत्रालय में परामर्शदाताओं का नियोजन - आवेदन आमंत्रित करना।

निम्नलिखित निबंधन और शर्तों पर संसदीय कार्य मंत्रालय में परामर्शदाताओं के रूप में नियोजन के लिए पांच वर्ष का अनुभव रखने वाले सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारियों, सहायकों, प्रवर श्रेणी लिपिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

1. (i) उम्मीदवार न्यूनतम पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ अनुभाग अधिकारी/सहायक अथवा प्रवर श्रेणी लिपिक के स्तर पर केंद्र सरकार से सेवानिवृत्त होना चाहिए।

   (ii) उम्मीदवार की आयु इस पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए और उसका अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

   (iii) नियोजनार्थ प्रस्तावित परामर्शदाता को केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों के कार्यचालन की अच्छी जानकारी होनी चाहिए।

   (iv) उम्मीदवार के पास कंप्यूटरों पर कार्य करने का कार्यसाधक ज्ञान और योग्यता होनी चाहिए।

2. परामर्शदाताओं का नियोजन निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा:-

   क) नियोजन आरंभ में 6 मास के लिए होगा जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन रहते हुए बढ़ाया जा सकता है।

   ख) कार्य-दिवसों के दौरान कार्य-समय सामान्यत: पूर्वाह्न 9.30 बजे से अपराह्न 6.00 बजे तक होगा जिसमें आधे घंटे का लंच विराम होगा। तथापि, कार्य की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें देर तक बैठना पड़ सकता है और उन्हें शनिवार/रविवार और अन्य राजपत्रित छुट्टियों के दौरान भी बुलाया जा सकता है।

   ग) सक्षम प्राधिकारी द्वारा, बिना कोई कारण बताए, पंद्रह दिन का नोटिस देकर किसी भी समय नियोजन को समाप्त किया जा सकता है।

घ)	परामर्श शुल्क बिना किन्हीं भत्तों के समेकित आधार पर नीचे दिए विवरणानुसार होगा:

सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी	रू.20000/- प्रतिमाह
सेवानिवृत्त सहायक अथवा प्रवर श्रेणी लिपिक, जिनके पास पांच वर्ष का अनुभव हो।	रू.18000/- प्रतिमाह

3.	पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और परामर्शदाता के रूप में अपनी सेवाएं देने के इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन प्रपत्र (संलग्न) में **देर से देर 15 नवंबर, 2013 तक** अवर सचिव (प्रशासन), कमरा नं.92, संसद भवन, संसदीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली (टेलीफोन 23034899) को प्रस्तुत कर सकते हैं।

(रामेश्वर प्रसाद)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष न.: 23034899

सेवा में
भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग

प्रपत्र

परामर्शदाता का नियोजन

संसदीय कार्य मंत्रालय

1. नाम :
2. पिता का नाम :
3. पत्राचार हेतु पता :

4. जन्मतिथि: दिनांक/महीना/वर्ष :
5. ई-मेल पता टेलीफोन नम्बर सहित :
6. सरकारी सेवा में प्रवेश की तारीख :
7. सेवानिवृत्ति की तारीख :
8. उस मंत्रालय/विभाग का नाम जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं :
9. शैक्षिक योग्यता :
10. कंप्यूटर ज्ञान का विवरण :
11. सेवा का संक्षिप्त विवरण, की गई ड्यूटी की प्रकृति सहित (अंतिम नियुक्ति से शुरू करते हुए)

क्रम सं.	मंत्रालय/विभाग का नाम	अवधि (महीने/वर्ष)		धारित पद	कार्य की प्रकृति
		से	तक		

12. पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में कोई अन्य सूचना।

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता/करती हूं कि ऊपर दिया गया विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है। मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूं कि मेरी सेवानिवृत्ति के समय मैं सतर्कता की दृष्टि से निर्दोष था/थी।

भवदीय,

हस्ताक्षर ....

दिनांक: पूरा नाम ....

स्थान: